उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा

# की कार्यसूची

## बुधवार 28 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1925

## ( दिनांक : 18 जून, 2003 )

## समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

1. अल्प सूचित प्रश्न ( देखिये नत्थी "**क**")।

2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी "**ख**")।

3. मुख्यमंत्री, औद्यौगिक नीति, 2003 को सदन के पटल पर रखेंगे।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्रीमती आशा नौटियाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड अगस्त्यमुनी के अन्तर्गत शहीद भगवान सिंह मोटर मार्ग के बासवाडा, कण्डारा, कणसिल, भणज, चन्द्रनगर, मोहनखाल मोटर मार्ग के डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री बचन सिंह रावत एवं अन्य निवासीगण, जनपद रूद्रप्रयाग द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, सदस्य, विधान सभा, "जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तन के सम्बन्ध में" श्री महादेव प्रसाद भट्ट एवं अन्य निवासीगण, जनपद चमोली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, सदस्य, विधान सभा, "जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवीखेत के इण्टर स्तर पर उच्चीकरण के सम्बन्ध में" श्री नन्दन सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद चमोली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

9. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

10. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

11. उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम-315 के खण्ड (23) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"ग"**)

12. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

13. वित्तीय वर्ष 2003-2004 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

14. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

15. प्रसिद्ध धार्मिक स्थान जोशीमठ में गम्भीर पेयजल समस्या से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्री अजय भट्ट, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 16 जून, 2003 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत, पेयजल मंत्री का वक्तव्य।

16. नगर पालिका परिषद् पिथौरागढ़ के अन्तर्गत नजूल भूमि के फ्रीहोल्ड के आवेदन कर्ताओं द्वारा समस्त धनराशि जमा करने के पश्चात् भी भूमि फ्रीहोल्ड न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 16 जून, 2003 को नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, नगर विकास मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादूनः**
**दिनांक : 18 जून, 2003**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>13.11.2003 | 105. क्या शिक्षा मंत्री को ज्ञात है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय बणसोली में सहायक अध्यापक गणित एवं विज्ञान के पद विगत तीन वर्षों से रिक्त हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में सम्बन्धित विषयों के अध्यापकों की नियुक्ति करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>18.11.2003 | 106. क्या शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि विकास खण्ड पोखरी जनपद चमोली के ग्राम पंचायत आली के सन् 1972 से स्वीकृत जूनियर हाईस्कूल के उच्चीकरण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उच्चीकरण की कार्यवाही कब तक होगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>18.11.2003 | 107. क्या शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत ग्राम सभा भिकोना में कन्या जूनियर हाईस्कूल की स्वीकृति दी गयी है? यदि हाँ, तो उक्त स्थान पर विद्यालय न खोले जाने के क्या कारण? क्या सरकार जनहित में भिकोना में शीघ्र जूनियर हाईस्कूल खोलने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>18.11.2003 | 108. क्या पंचायती राज मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नैल-नौली के बीचागाड़ पर 12 मी. स्पान की आर.सी.सी. पुल निर्माण हेतु रू 2.50 लाख का प्राविधान 11वें वित्त आयोग की कार्ययोजना में प्रस्तावित कर शासन को भेजा गया है? यदि हाँ, तो उक्त योजना को शासन स्तर पर स्वीकृत कर धनराशि मुहैया करा दी गयी है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायती राज |
| श्री प्रकाश पंत<br>19.11.2003 | 109. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेशों के अनुरूप सेवानिवृत्त माध्यमिक शिक्षकों को 1996 से पुराने वेतनक्रम में नियत पेंशन पर निर्धारित वेतन वृद्धि देने का विचार करेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>19.11.2003 | 110. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पंतनगर उधम सिंह नगर में छात्राओं के बैठने की समुचित व्यवस्था है? यदि नहीं, तो क्यों और कब तक इसकी समुचित व्यवस्था कर दी जाएगी? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>19.11.2003 | 111. क्या पंचायती राज मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में विकास खण्डवार 11वें वित्त आयोग हेतु किन-किन योजनाओं के प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हुये हैं? क्या सरकार द्वारा प्रस्तावित योजनाओं के लिए धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है? यदि हाँ, तो क्या स्वीकृत योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायती राज |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>19.11.2003 | 112. | क्या शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि सर्वशिक्षा के अन्तर्गत वर्तमान वर्ष में जनपद वार कुल कितने प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों को खोलने के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा स्वीकृति प्रदान किये जाने के क्या मानक है? क्या सरकार द्वारा इन विद्यालयों की संस्तुति के लिए जिलास्तर पर किसी कमेटी का गठन किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पंत<br>20.11.2003 | 113. | क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि राज्य में राजकीय शिक्षक संघ को मान्यता देने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री हरबंस कपूर<br>27.11.2003 | 114. | क्या शिक्षा मंत्री के संज्ञान में है कि प्रदेश में व्यायाम शिक्षकों की नियुक्तियों में मानकों का अनुपालन नहीं किया गया है? यदि हाँ, तो अनियमिततायें बरतने वालों के विरूद्ध कोई कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>27.11.2003 | 115. | क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा चाय बाग़ान लगाने के लिए कोई नीति बनायी गई है? क्या सरकार चाय बाग़ान विकसित करने के लिए टी. बोर्ड से कोई समझौता करने जा रही हे? क्या प्रदेश सरकार ने गढ़वाल मण्डल के अन्तर्गत जनपद रूद्रप्रयाग के कुछ ब्लॉकों में चाय बाग़ान लगाने की प्रक्रिया शुरू की थी? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त प्रक्रिया का कोई प्रारूप बनाया गया है? | उद्यान |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>27.11.2003 | 116. | क्या खादी ग्रामोद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार ग्रामाद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए कोई योजना बनाने जा रही है? क्या केन्द्र सरकार से मिलने वाले अनुदान का सदुपयोग किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्रामोद्योग |

(नत्थी "घ")

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 17 दिसम्बर, 2003 की बैठक में दिनांक 18 दिसम्बर, 2003 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है :-**

दिसम्बर, 2003

18 गुरूवार

(1) वित्तीय वर्ष 2003-2004 के प्रथम अनुपूरक अनुदान की मांगों का प्रस्तुतीकरण (अपराह्न 3:00 बजे)।

(2) 31 मार्च, 2001 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए भारत के नियन्त्रक महालेखापरीक्षक (सिविल) (उत्तरांचल) के शुद्धिपत्र का प्रस्तुतीकरण।

(3) वित्तीय वर्ष 2001-2002 के विनियोग लेखे एवं वित्त लेखे (उत्तरांचल सरकार) का प्रस्तुतीकरण।

(4) 9 नवम्बर, 2000 से 31 मार्च 2001 तक के विनियोग लेखे एवं वित्त लेखे (उत्तरांचल सरकार) का प्रस्तुतीकरण।

(5) वित्तीय वर्ष 2000-2001 के विनियोग लेखे (उ0प्र0 सरकार) (1 अप्रैल, 2000 से 8 नवम्बर, 2000) का प्रस्तुतीकरण।

(6) "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-323 के खण्ड (2) के अधीन उत्तरांचल लोक सेवा आयोग के सामान्य वार्षिक प्रतिवेदन का सदन के पटल पर रखा जाना।

(7) अध्यादेशों का सदन के पटल पर रखा जाना।

(8) (क) श्री नारायण पाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 5 अप्रैल, 2003 को प्रस्तुत नियम-103 के अन्तर्गत निम्न प्रस्ताव पर चर्चा :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में थारू, बुक्सा, बंगाली व अन्य निर्बल निर्धन वर्गो के उत्थान हेतु नीति बनाकर उसे लागू किया जाए।"

(8) (ख) वर्तमान सत्र में श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-103 के अन्तर्गत निम्न प्रस्ताव के प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य के अर्न्तराष्ट्रीय सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए पृथक कार्य योजना बनाना अत्यावश्यक है।"

उत्तरांचल विधान सभा

द्वितीय सत्र, 2003

का प्रथम बुधवार

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 28 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1925

(दिनांक : 18 जून, 2003)

# नत्थी ( क )

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री नारायण पाल<br>29.5.2003 | **1. क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के किसानों की बिजली समस्या के समाधान हेतु सरकार द्वारा कोई नीति निर्धारित की गई है? यदि हाँ, तो वह क्या है? क्या राज्य के किसानों को सस्ती दरों पर विद्युत आपूर्ति कराये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो वह क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री काजी निजामुद्दीन<br>5.6.2003 | **2. क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि क्या राज्य सरकार द्वारा वार्षिक वित्तीय घाटे की भरपाई के लिए केन्द्र सरकार से सहायता की माँग की गई है? यदि हाँ, तो क्या केन्द्र सरकार विशेष सहायता प्रदान कर रही है? यदि हाँ, तो कितनी और कब तक? | वित्त |

# नत्थी ( ख )

## तारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>17.5.2003 | *1. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में किसानों के कब्ज़े वाली वर्ग-4 की भूमि के विनियमितीकरण के लिए सरकार द्वारा कोई कमेटी/समिति का गठन किया गया है? यदि हाँ, तो समिति द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है? | राजस्व |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>17.5.2003 | *2. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार समस्त रवाईं एवं जौनपुर क्षेत्र को जनजाति क्षेत्र घोषित करने का विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री हरिदास<br>20.5.2003 | *3. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अनु0जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति के भूमिहीनों को लगभग 1970-72 में जो ग्राम समाज की बंजर भूमि श्रेणी-3 कृषि भूमि के पट्टे आवंटित किये गये थे, उत्तरांचल राज्य सरकार द्वारा निरस्त कर दिये गये हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में शासनादेश जारी करके पट्टे धारकों को उक्त भूमि का मालिकाना हक दिलाकर भूमिधर बनाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>21.5.2003 | *4. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विकलांगों के पुनर्वास के लिए सरकार की कोई योजना है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>22.5.2003 | *5. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर अन्तर्गत खटीमा-सितारगंज क्षेत्र में सरकार चकबंदी करने जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार चकबंदी से पूर्व भूमि बन्दोबस्त कराना सुनिश्चित् करेगी? यदि हाँ,तो कब तक?यदि नहीं,तो क्यों? | राजस्व |
| श्री अजय भट्ट<br>23.5.2003 | *6. | क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के विभिन्न जिलों में पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत कितने प्रार्थना-पत्र लम्बित हैं? इनका जिले वार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन प्रार्थना पत्रों के निस्तारण न होने के क्या कारण हैं तथा लाभार्थियों को राष्ट्रीय पारिवारिक योजना में दी जाने वाली धनराशि को कब तक दे दिया जायेगा? | समाज कल्याण |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>24.5.2003<br>श्री मदन कौशिक<br>27.5.2003 | *7. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार ने उत्तरांचल में चकबन्दी हेतु कोई योजना बनायी है? क्या सरकार द्वारा इस हेतु कुछ गाँवों का चयन कर लिया गया है? यदि हाँ, तो किस-किस जिले में? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |

## निदेश संख्या-31 के अन्तर्गत स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>22.2.2003 | 1. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड भिलंगना में बाल गंगा व धर्मगंगा नदियों के कारण प्रतिवर्ष कितनी कृषि भूमि का कटाव हो रहा है? क्या सरकार जनहित में उक्त नदी पर तटबंध बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो उक्त नदी पर तटबंध बनाये जाने का निर्णय कब तक ले लिया जायेगा? | सिंचाई |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>19.5.2003 | 1. क्या राजस्व मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में उत्तरांचल में छोटी प्रशासनिक इकाइयाँ बनाने हेतु शासन स्तर पर कोई अध्ययन समिति अथवा कमेटी का गठन किया गया है? यदि हाँ, तो क्या उसमें रानीखेत को जिला बनाने हेतु सुझाव को सम्मिलित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>19.5.2003 | 2. क्या सिंचाई मंत्री को जानकारी है कि जनपद पिथौरागढ़ के गोबराड़ी नहर स्रोत में पानी कम होने से सिंचाई नहीं हो पा रही है? यदि हाँ, तो क्या नहर को अन्य स्रोत से जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक कार्यवाही प्रारम्भ हो जायेगी? | सिंचाई |
| श्री हरिदास<br>19.5.2003 | 3. क्या राजस्व मंत्री भिज्ञ हैं कि जनपद हरिद्वार में N.H. 58 (दिल्ली हरिद्वार मार्ग) पर कृषि योग्य सिंचित भूमि को बाहरी भूमाफियाओं द्वारा प्लॉट बेचने व हेरा-फेरी से कृषि भूमि को आबादी में बदलने के कारण सरकार को स्टाम्प चोरी से राजस्व की भारी क्षति हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इसे रोकने हेतु कोई नीति बनाने जा रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री हरिदास<br>19.5.2003 | 4. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में माह फरवरी, 2003 का बी.पी.एल. योजना का खाद्य राशन कार्ड धारकों को उपलब्ध नहीं हुआ? यदि हाँ, तो क्या सरकार माह फरवरी, 2003 का खाद्य राशन कार्ड धारकों को उपलब्ध करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य |
| श्री हरिदास<br>19.5.2003 | 5. क्या खाद्य मंत्री को जानकारी है कि जनपद हरिद्वार में वर्ष 2002 से माह मई, 2003 तक केवल 5 माह का अन्नापूर्णा योजना का खाद्य राशन कार्ड धारकों को उपलब्ध हुआ है? यदि हाँ, तो क्या सरकार अन्नापूर्णा योजना के कार्ड धारकों को शेष रूका हुआ खाद्य राशन उपलब्ध करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>20.5.2003 | 6. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मार्च, 2003 में आपदा प्रबन्धन मद में प्रत्येक विधान सभा वार कितनी-2 धनराशि अवमुक्त की गयी है? क्या राशि वितरण में कोई मानक निर्धारित था? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>20.5.2003 | 7. क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि भूमि संरक्षण विभाग की कितनी इकाइयाँ उत्तरांचल में कार्यरत हैं? जनपद उधमसिंह नगर में क्या कोई इकाई कार्यरत है? इसका कार्यक्षेत्र क्या है? | प्रथम शुक्र के अता. 25 में स्थानांतरण फलस्वरूप उत्तरित |
| श्री हरिदास<br>20.5.2003 | 8. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में माह फरवरी व अप्रैल, 2003 का अन्त्योदय योजना का खाद्य राशन कार्ड धारकों को उपलब्ध नहीं हुआ है? यदि हाँ, तो क्या सरकार माह अप्रैल का खाद्य राशन कार्ड धारकों को उपलब्ध करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य |
| श्री अजय भट्ट<br>20.5.2003 | 9. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2001–2002 में आपदा प्रबन्धन मद से कुल कितनी धनराशि वितरित की गयी? इसका जिलेवार विवरण, जिन–जिन मदों में धनराशि अवमुक्त की गयी, क्या है? क्या वर्तमान में निर्माण कार्य निविदाओं पर न करवाकर, विभागों द्वारा करवाने के निर्देश सरकार द्वारा दिये गये हैं? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>20.5.2003 | 10. क्या सिंचाई मंत्री को ज्ञात है कि जनपद हरिद्वार के रूड़की शहर के घाड क्षेत्र में कृषकों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस क्षेत्र में कृषकों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>20.5.2003 | 11. क्या सिंचाई मंत्री को जानकारी है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड यमकेश्वर स्थित ग्राम बैरागढ़ तीन ओर से नदियों से घिरा होने के कारण प्रतिवर्ष बाढ़ग्रस्त हो जाता है? क्या इस संकट के निवारण हेतु शासन स्तर पर कोई योजना तैयार की जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक योजना तैयार हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>20.5.2003 | 12. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 13 मई, 2003 को आये तूफान से उत्तरांचल में जनपदवार कितनी जन–धन की हानि हुई? क्या सरकार द्वारा दैवी आपदा पीड़ित परिवारों को जनपदवार कितनी राहत किस रूप में पहुँचायी गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री कैलाश शर्मा<br>21.5.2003 | 13. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिछले एक वर्ष में उत्तरांचल के कुमाऊँ एवं गढ़वाल मण्डलों में कितने पटवारियों की पदोन्नति की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि पदोन्नति करते समय क्या मानक अपनाये गये? | राजस्व |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>21.5.2003 | 14. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या यह सही है कि नये आवेदकों को विधवा पेंशन/वृद्धा पेंशन/विकलांग पेंशन नहीं दी जा रही है? यदि हाँ, तो उत्तरांचल के विभिन्न जिलों में कितने फार्म स्वीकृत होकर पड़े हैं जिन पर पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है? इनको कब तक पेंशन उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं तो क्यों? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन 21.5.2003 | 15. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने अनाथालय तथा वृद्ध आश्रम कहाँ–2 पर स्थित हैं? क्या सरकार उधमसिंह नगर में अनाथालय तथा वृद्ध आश्रम खोलने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 21.5.2003 | 16. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के पर्वतीय जनपदों में वर्ष 1989 से कार्यरत राजस्व संग्रह अमीनों एवं संग्रह सहायकों को नियमित किया जा रहा है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल 22.5.2003 | 17. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद नैनीताल में पट्टे की भूमि को फ्री–होल्ड करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय सोम के अता. 13 में स्था. |
| श्री प्रेमानन्द महाजन 22.5.2003 | 18. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में छात्रों को छात्रवृत्ति स्वीकृत करने हेतु विधायकों के द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र/आय प्रमाण पत्र मान्य है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी 22.5.2003 | 19. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में अगुण्डा व कोटी के बीच धर्मगंगा नदी पर क्षतिग्रस्त पुल का जीर्णोद्धार कब तक करा दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्रीमती आशा नौटियाल 22.5.2003 | 20. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में वृद्धावस्था/निराश्रित पेंशनरों का भुगतान समय पर हो रहा है? यदि नहीं तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 22.5.2003 | 21. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उप तहसील जखोली रूद्रप्रयाग को सरकार कब तक पूर्ण तहसील का दर्जा प्रदान कर देगी? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रेमानन्द महाजन 23.5.2003 | 22. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जिलेवार सीलिंग के प्रावधान के तहत कितनी एकड़ भूमि उपलब्ध हुई है? जिलेवार उपलब्ध भूमि में से कितनी भूमि अनुसूचित जाति, अनु0 जनजाति व खेतीहर मजदूरों को आवंटित की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री अजय भट्ट 23.5.2003 | 23. क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के विभिन्न जिलों में विधवा पेंशन के कितने प्रार्थना पत्र आज तक लम्बित है? इनका जिलेवार विवरण क्या है? इन प्रार्थना पत्रों को पूर्णतः कब तक निपटा दिया जायेगा? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>23.5.2003 | 24. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न मदों में अब तक विभाग को कितनी धनराशि प्राप्त हुई है? इसका आज तक खर्च का ब्यौरा क्या है? | समाज कल्याण |
| श्री अजय भट्ट<br>23.5.2003 | 25. क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि दलित एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए उत्तरांचल निर्माण के बाद सरकार द्वारा कोई योजना बनायी है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>22.5.2003 | 26. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक ख-212, दिनांक 13-04-2003 जो कि मुख्यमंत्री को सम्बोधित था, के संदर्भ में कृपया बतायेंगे कि क्या सरकार हरिद्वार नगर क्षेत्र की पृथक इकाई घोषित कर, जनहित में, रूड़की को जिला बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>26.5.2003 | 27. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि मन्दिर परिसर ऊखीमठ, रूद्रप्रयाग में भूकम्प से क्षतिग्रस्त 'कोठा निर्माण' के लिए प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त कोठा का निर्माण प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री फूल सिंह बिष्ट<br>26.5.2003 | 28. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल तहसील प्रतापनगर में बैसाड़े नहर का निर्माण कब हुआ तथा इस पर कुल कितना धन व्यय किया गया? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि नहर से सिंचाई क्षमता उपलब्ध न होने के क्या कारण हैं? क्या सरकार कृषक हित में उक्त नहर पर सुचारू रूप से पानी चलाये जाने योग्य बनायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री फूल सिंह बिष्ट<br>26.5.2003 | 29. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के खम्बा खील नहर तहसील प्रतापनगर का निर्माण वर्ष और उस पर अब तक कुल कितनी धनराशि खर्च हुई? उक्त नहर की सिंचाई क्षमता कितने हैक्टेयर निर्धारित थी तथा उसके सापेक्ष में कितने हैक्टेयर भूमि की सिंचाई की जा रही है? क्या सरकार इस नहर को कृषकों के हित में पूर्ण कराने के लिए धन आवंटित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री फूल सिंह बिष्ट<br>26.5.2003 | 30. क्या सिंचाई मंत्री को जानकारी है कि जनपद टिहरीगढ़वाल तहसील प्रतापनगर में भरपुर नहर पिपरगेगी गाँव के पास भूस्खलन से क्षतिग्रस्त है? यदि हाँ, तो उक्त क्षतिग्रस्त नहर को कब तक ठीक करा दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री फूल सिंह बिष्ट<br>26.5.2003 | 31. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल की तहसील प्रतापनगर के ग्राम खुरमोला-मुखमासगाँव-डागी-गरवाण गाँव सिरवाणे-पिपलोगी-नौगर स्यासगी-जुलाणगाँव-बैसाड़े-मेलुन्ता-गोलाणे-चैधार-मोटना - ग्वाड़ - जणणी - त्रैगा के कृषकों की सिंचाई गूलें वर्ष 1994 में और वर्ष 2002 से जलकूर नदी में आई बाढ़ के कारण पूर्ण क्षतिग्रस्त हो गयीं थीं? यदि हाँ, तो इन क्षतिग्रस्त गूलों की मरम्मत हेतु कोई कार्ययोजना शासन स्तर पर विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.5.2003 | 32. क्या सिंचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के हरिपुरकला मोतीचूर गाँव के समीप बहने वाली सूखी नदी का जल स्तर गाँव से ऊँचा हो गया है? यदि हाँ, तो उक्त गाँव को बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए सरकार द्वारा क्या सुरक्षा उपाय किये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>27.5.2003 | 33. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के ग्राम सभा लाता विकास खण्ड जोशीमठ में धौलीगंगा से हो रहे भूमि का कटाव की रोकथाम किये जाने हेतु चैकडैम बनाया जाना प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>27.5.2003 | 34. क्या पुनर्वास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के तहसील चमोली में अवस्थित ग्राम झींझी, पाणा, इराणी के ग्राम वासियों को ग्राम की भूमि का निरन्तर भूस्खलन होने तथा दरारें पड़ने के कारण जान माल का खतरा होने के फलस्वरूप अन्यत्र विस्थापित किये जाने की कोई कार्यवाही शासन द्वारा की जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक उन्हें विस्थापित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पुनर्वास |
| श्री मदन कौशिक<br>27.05.2003 | 35. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार में कितने सरकारी नलकूप हैं तथा उनमें से कितने खराब हैं? सही स्थिति वाले नलकूपों से कितने हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की जा रही है? | सिंचाई |
| श्री नारायण पाल<br>28.05.2003 | 36. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दैवी आपदा के अन्तर्गत चालू वर्ष में सितारगंज विधान सभा क्षेत्र में कितना पैसा आवंटित किया गया है तथा किन कार्यो हेतु हुआ है? कार्य पूर्ण हो गये है अथवा नहीं? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री नारायण पाल<br>28.05.2003 | 37. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर में स्थित नानक सागर बांध, नानक मत्ता में 3000 एकड़ जमीन गुरूद्वारे की ली गई है? क्या यह सत्य है कि जब बांध बन रहा था तब शासन द्वारा उक्त भूमि के मुआवजे के भुगतान का आश्वासन दिया गया था? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भूमि के मुआवजे का भुगतान गुरूद्वारा को कराना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>28.05.2003 | 38. क्या सिंचाई मंत्री को जानकारी है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट में चुफल्यागाढ़ के कारण विकास नगर घाट बाजार को चुफल्यागाढ़ से होने वाले भूमि कटाव से बचाने के लिये कोई योजना प्रस्तावित है? | सिंचाई |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>29.05.2003 | 39. क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर में वर्ष 2002 से अब तक कितने आवेदकों को विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन वितरित की गयी है? | समाज कल्याण |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>29.05.2003 | 40. क्या सिचांई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि लपकना नदी जो जसपुर विधान सभा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 74 पर स्थित है, को गहरा और चौड़ा करने की योजना पर कब कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>22.5.2003 | 41. क्या राजस्व मंत्री को जानकारी है कि जनपद चमोली के मुख्यालय में कब्रिस्तान के लिए प्रयोग की जा रहीं भूमि विवादास्पद है? यदि हाँ, तो क्या सरकार चमोली में कब्रिस्तान के लिए भूमि उपलब्ध कराये जाने पर विचार कर रहीं है? यदि हाँ, तो किस स्थान पर? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |

# नत्थी "ग"

कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 17 जून, 2003 की बैठक में दिनांक 18 जून, 2003 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है :-

जून, 2003

| | |
|---|---|
| 18 ~~मंगलवार~~ बुधवार | (1) वित्तीय वर्ष, 2003-2004 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |